संख्या- २१८ /39 /XXXIV/सू०प्रौ0/2010

प्रेषक,

सुभाष कुमार,
मुख्य सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. मण्डलायुक्त, गढ़वाल/कुमाऊँ मण्डल, उत्तराखण्ड।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
5. प्रबन्ध निदेशक, यू०पी०हिल इलेक्ट्रानिक्स लि० (हिल्ट्रान), देहरादून।

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग देहरादून, दिनांकः २२ ~~अक्टूबर~~ नवम्बर, 2010

विषयः हिल्ट्रान को सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रशिक्षणदाता एजेन्सी नामित करने के संबंध में।

महोदय,

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य के अधिकांश विभागों में सूचना प्रौद्योगिकी/ई-गवर्नेन्स संबंधी परियोजनायें चलाई जा रही हैं। इनमें कुछ परियोजनाएं भारत सरकार के सहयोग से संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार की परिकल्पना है कि उत्तराखण्ड की दुरूह भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत जनसेवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से आम नागरिक तक पहुँचाया जाय। इसके लिए यह आवश्यक है कि राज्य सरकार के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कम्प्यूटर उपयोग के विषय में दक्षता हासिल हो तथा राज्य के नागरिकों को भी केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं/परियोजनाओं के अन्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जाय। इससे राज्य में नागरिकों को सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से अधिकाधिक रोजगार/स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

2. राज्य सरकार का सार्वजनिक उपक्रम हिल्ट्रान जो ISO:9001:2008 प्रमाणित संस्था है के द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण के क्षेत्र में वर्ष 1991 से कैल्क योजना चलायी जा रही है। इस योजना मे हिल्ट्रान द्वारा वर्तमान में 58 कैल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्रों को संचालित किया जा रहा है। इन केन्द्रों के माध्यम से विगत 20 वर्षों से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में

प्रशिक्षणार्थियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में प्रतिवर्ष 5000 छात्र हिल्ट्रान की कौल्क योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

3. उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यू0पी0 हिल इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, जो सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड शासन के प्रशासकीय नियंत्रणाधीन है को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षणदाता एजेन्सी नामित किया जाता है।

4. हिल्ट्रान द्वारा राज्य में सामुदायिक सेवा केन्द्र व कॉल सेन्टर प्रशिक्षण के साथ अन्य समस्त प्रकार के प्रशिक्षण के कार्य सम्पादित किये जायेंगे।

5. राज्य की प्रशिक्षण आवश्यकताओं के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य के समस्त विभागों द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी व तत्सम्बन्धित प्रशिक्षण के कार्य हिल्ट्रान के माध्यम से ही सम्पादित कराये जायें।

भवदीय,

(सुभाष कुमार)
मुख्य सचिव

पृष्ठांकन संख्याः– /39 /XXXIV/सू0प्रौ0/2010 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव–मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2. स्टाफ आफिसर–मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. राज्य सूचना अधिकारी, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(नितेश कुमार झा)
अपर सचिव